# प्रेस विज्ञप्ति
## कंकड़बाग थाना

दिनांक–04.01.2026 को सोशल मिडिया के माध्यम से एक विडियो प्राप्त हुआ उक्त विडियो को देखने पर पाया गया कि मॉल में चोरी करने के आरोप में एक लड़के को दो लड़का मिलकर मार–पीट एवं गाली–गलौज कर रहे है तथा जुर्माना भरने के लिये भी कह रहे है। प्राप्त विडियो का सत्यापन किया गया तो सत्यापन के क्रम में पाया गया कि उक्त विडियो विशाल मेगामार्ट, कंकड़बाग का है। घटना के संबंध में जॉच किया गया तो पाया गया कि उक्त विडियों दिनांक–31.12.2025 का समय करीब–18.30 बजे का है। जॉच के क्रम में पता चला कि एक लड़का विशाल मेगामार्ट से जिंस चोरी कर ले जा रहा था उसी को पकड़कर दो लड़कों द्वारा मार–पीट एंव गाली–गलौज किया गया है। उक्त घटना के संबंध में कंकड़बाग थाना कांड सं0–10/26, दिनांक–05.01.2026 दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कांड के दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफतारीः–**

1. राशिद इकबाल, पे0–मो0 मुजाहिर सा0–सब्जीबाग चौराहा, थाना–पीरबहोर, जिला–पटना।
2. गोरख गिरि, पे0–रामगोविन्द गिरि, सा0–मिठापुर बस स्टैण्ड, थाना–जक्कनपुर, जिला–पटना।